समस्या

सैकड़ों परिवार लंबी डोरियों से बिजली लेने को मजबूर

साईखेड़ा में विद्युत व्यवस्था बदहाल

नवभारत,नरसिंहपुर,साईखेड़ा। नगर परिषद साईखेड़ा के वार्ड क्रमांक 04 स्थित भदौरिया मोहल्ला धूनी तिगड्डा से लेकर झिकोली रोड स्थित स्टेट हाईवे-44 तक विद्युत व्यवस्था की गंभीर समस्या बनी हुई है। क्षेत्र में न तो पर्याप्त बिजली के तार हैं और न ही नई केबल लाइन बिछाई गई है, जिसके कारण सैकड़ों परिवार अस्थायी और जोखिमपूर्ण व्यवस्था के सहारे बिजली उपयोग करने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार क्षेत्र में विद्युत लाइन के अभाव में कई परिवार हजारों फीट लंबी डोरियां डालकर अपने घरों तक बिजली पहुंचा रहे हैं। यह व्यवस्था न केवल तकनीकी रूप से गलत है, बल्कि दुर्घटनाओं को भी आमंत्रित कर रही है।

आए दिन डोरियों के टूटने की घटनाएं होती रहती हैं, जिससे करंट फैलने और गंभीर हादसे की आशंका बनी रहती है। विशेष रूप से ब'चों, बुजुर्गों और राहगीरों के लिए यह स्थिति बेहद खतरनाक साबित हो सकती है। वार्डवासियों का कहना है कि लंबे समय से इस समस्या की ओर विद्युत विभाग एवं जनप्रतिनिधियों का ध्यान आकर्षित कराया जा रहा है, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। लोगों को पर्याप्त वोल्टेज भी नहीं मिल पाता, जिससे घरेलू उपकरण प्रभावित होते हैं और दैनिक कार्यों में परेशानी का सामना करना पड़ता है। गौरतलब है कि हाल ही में प्रदेश के कैबिनेट उदय प्रताप सिंह की पहल पर नगर के विभिन्न वार्डों में नए डीपी ट्रांसफार्मर स्थापना एवं केबल सुधारीकरण कार्यों की घोषणा की गई थी।

शीघ्र कार्रवाई की आवश्यकता

ऐसे में वार्ड क्रमांक 04 के नागरिकों ने भी मांग उठाई है कि उनके क्षेत्र को इस योजना में शामिल कर नई विद्युत केबल बिछाई जाए तथा आवश्यक पोल एवं लाइन विस्तार का कार्य शीघ्र कराया जाए। स्थानीय रहवासियों ने विद्युत विभाग, नगर परिषद एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि भदौरिया मोहल्ला धूनी तिगड्डा से झिकोली रोड तक नई केबल लाइन डालकर नियमित और सुरक्षित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि सैकड़ों परिवारों को राहत मिल सके और संभावित दुर्घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। वार्डवासियों का कहना है कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया तो किसी बड़े हादसे से इंकार नहीं किया जा सकता। इसलिए जनहित और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए शीघ्र कार्रवाई की आवश्यकता है।

मूंग और उड़द का होगा उपार्जन

नवभारत,तेंदूखेड़ा। किसानों के लिए अच्छी खबर है। भारत सरकार की प्राइस सपोर्ट स्कीम योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 ग्रीष्मकालीन फसल मूंग एवं उड़द को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन 15 जून 2026 तक किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि शासन के निर्णय अनुसार उड़द विक्रय करने वाले किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य के अतिरिक्त 600 रुपये प्रति क्विंटल के मान से बोनस प्रदान किया जाएगा। जिले में ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द के तहसीलवार कुल 47 पंजीयन केन्द्र स्थापित किये गये हैं। उप संचालक कृषि ने बताया कि बी-पैक्स तेंदूखेड़ा बी-पैक्स बिल्थारी बी-पैक्स ढिलवार बी-पैक्स रम्पुरा बी-पैक्स मुर्गाखेड़ा बी-पैक्स केरपानी बी-पैक्स सुआतला बी-पैक्स बिल्हरा बी-पैक्स डोभी बी-पैक्स बिलगुंवा में पंजीयन केन्द्र बनाया गया है। किसान एमपी किसान एप एमपी ऑनलाइन कॉमन सर्विस सेन्टर लोक सेवा केन्द्र, साइबर कैफे एवं स्वयं के मोबाइल के माध्यम से भी पंजीयन करा सकते हैं। जिले के किसानों से अपील की गई है कि वे योजना का लाभ लेने के लिए निर्धारित तिथि तक अपना पंजीयन जरूर कराएं।

बुधवार को 29 दिव्यांगजनों को मिले कृत्रिम अंग

नवभारत,करेली। नगर पालिका परिषद करेली द्वारा जनहित में लगातार विभिन्न कल्याणकारी शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को पंडित महादेव प्रसाद तिवारी भवन, राम वार्ड में प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना कैंप आयोजित किया गया, जबकि बुधवार को दिव्यांगजन सहायता शिविर का आयोजन संपन्न हुआ। मंगलवार को आयोजित प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना कैंप में असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों का पंजीयन किया गया।

शिविर में कुल 50 पात्र श्रमिकों को योजना से जोड़ा गया। अधिकारियों ने हितग्राहियों को योजना की जानकारी देते हुए बताया कि 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर पात्र हितग्राहियों को प्रतिमाह 3000 रुपए पेंशन का लाभ मिलेगा। शिविर में बड़ी संख्या में श्रमिकों ने पहुंचकर योजना का लाभ लिया। वहीं बुधवार को आयोजित दिव्यांगजन सहायता शिविर में एस.आर. ट्रस्ट एवं एलिमको के सहयोग से दिव्यांगजनों का परीक्षण एवं चिन्हांकन किया गया। शिविर के दौरान 29दिव्यांगजनों को कृत्रिम पैर, कृत्रिम हाथ एवं कैलिपर्स नि:शुल्क प्रदान किए गए। सहायक उपकरण प्राप्त कर हितग्राहियों ने प्रसन्नता व्यक्त की तथा आयोजन के लिए नगर पालिका एवं सहयोगी संस्थाओं का आभार जताया। दोनों शिविरों में उपस्थित अधिकारियों एवं विशेषज्ञों ने हितग्राहियों का मार्गदर्शन करते हुए शासकीय योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। आयोजन का उद्देश्य समाज के वंचित एवं जरूरतमंद वर्गों तक शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना रहा। कार्यक्रम में मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर पालिका के अधिकारी एवं कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, पार्षदगण, एल्डरमैन तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में नगर पालिका प्रशासन एवं सहयोगी संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

विधायक नागेश ने सुनीं जनसमस्याएं

अधिकारियों को दिए त्वरित निराकरण के निर्देश

नवभारत,गोटेगांव। लोकप्रिय विधायक विधानसभा क्षेत्र गोटेगांव के महेंद्र नागेश ने अपने गोटेगांव स्थित निज निवास पर क्षेत्र के नागरिकों की जनसमस्याएं सुनीं। इस दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों और नगरवासियों की शिकायतों का उन्होंने मौके पर ही त्वरित निराकरण सुनिश्चित कराया। सुबह से ही क्षेत्र के विभिन्न गांवों से नागरिक अपनी समस्याओं को लेकर विधायक नागेश के पास पहुंचे थे। आवेदकों ने मुख्य रूप से पेयजल किल्लत, खराब सड़कें, बिजली आपूर्ति में बाधा, लंबित राजस्व प्रकरण और सामाजिक सुरक्षा पेंशन जैसी बुनियादी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। श्री नागेश ने प्रत्येक आवेदक की समस्या को गंभीरता से सुना और तत्काल संबंधित विभागों के अधिकारियों से दूरभाष पर चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

नवभारत,गाडरवारा। चौगान स्थित श्री राधाकृष्ण मंदिर प्रांगण में आयोजित श्री एकादश कुंडीय रुद्र यज्ञ, संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा, प्रवचन एवं संत सम्मेलन का शुभारंभ सोमवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। इस अवसर पर क्षेत्रभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु, संत-महात्मा एवं धर्मप्रेमीजन शामिल हुए।

भव्य कलश यात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से निकली और पुन: यज्ञ स्थल पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा में महिलाओं ने सिर पर मंगल कलश धारण कर श्रद्धा एवं उत्साह के साथ सहभागिता निभाई। भगवान भोलेनाथ एवं श्रीहरि के जयघोषों से संपूर्ण क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए यात्रा में शामिल रहे, जिससे नगर धर्ममय रंग में रंगा दिखाई दिया। आयोजन समिति के अनुसार यह धार्मिक आयोजन 1 जून से 9 जून 2026 तक चलेगा। कार्यक्रम के दौरान प्रतिदिन संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा, संत प्रवचन, भजन संध्या तथा विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाएगा। यज्ञाचार्यों के मार्गदर्शन में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञीय अनुष्ठानों का शुभारंभ भी किया गया। इस अवसर पर संतों एवं विद्वानों ने अपने उद्बोधन में कहा कि धार्मिक आयोजन समाज में नैतिक मूल्यों, संस्कारों एवं आध्यात्मिक चेतना के प्रसार का सशक्त माध्यम हैं। श्रीमद्भागवत कथा मानव जीवन को सही दिशा प्रदान करने के साथ सामाजिक समरसता, सद्भाव एवं लोककल्याण का संदेश देती है। आयोजन कार्यक्रम के अंतर्गत 2 जून को वेद स्थापना, मंडप प्रवेश एवं ब्राह्मण वरण, 3 जून को अग्निमंथन हवन एवं देव पूजन तथा 9 जून को पूर्णाहुति, विदाई एवं कन्या भोज का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक संत-महात्मा, समाजसेवी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजन समिति ने समस्त धर्मप्रेमी नागरिकों से कथा एवं यज्ञ में सहभागिता कर धर्मलाभ अर्जित करने की अपील की है।

सड़क निर्माण में बाधा डालने वाले चार लोगों पर मामला दर्ज

नवभारत,तेंदूखेड़ा। जिस सड़क नाली निर्माण को लेकर लोग परेशान देखे जाते हैं। वर्षों प्रतिक्षा करनी पड़ती है कि कब पक्की सड़क नालि निर्माण हो जाये। लेकिन एक मामला ऐसा भी सामने देखने को मिला है कि गांव में हो रही सीमेंट सड़क निर्माण में कुछ लोग बाधक बनें हुए हैं।

मामला चांवरपाठा विकास खंड की ग्राम पंचायत सर्रा बंधी का है। यहां पर ग्राम पंचायत के द्वारा लगभग दस लाख रुपए की राशि से 200 मीटर सीमेंट सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। लेकिन इस निर्माण कार्य में कुछ लोग बाधक बनें हुए हैं। यहां पर महिला सरपंच है और मजदूरों के माध्यम से निर्माण कार्य चल ही रहा था कि अचानक इस बनते हुए सड़क मार्ग से पहले मोटरसाइकिल फिर टेक्टर निकाल दिया। इतना ही नहीं जब मजदूरों और सरपंच के परिजनों ने रोकने का प्रयास किया तो उनके साथ मारपीट कर दी। महिला सरपंच अपने पति और ग्राम पंचायत सचिव रोजगार सहायक को मजदूरों को लेकर पुलिस थाने तेंदूखेड़ा पहुंचे और संपूर्ण घटना की जानकारी दी पुलिस ने बाधा उत्पन्न करने वाले मुल्लु लोधी हरिशंकर रामकुमार अभिषेक लोधी निवासी बंधी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 296 बी 115(2) 3(5) के तहत मामला दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

एक नजर में

अवैध कब्जा कर झूठे मामले में फंसाने की दी धमकी

नवभारत,गोटेगाँव। तहसील के ग्राम बासनपानी निवासी पवन कुमार सेन ने अपनी निजी भूमि पर अवैध कब्जा किए जाने का आरोप लगाते हुए कलेक्टर नरसिंहपुर से कार्रवाई की मांग की है। 1 जून 2026 को प्रस्तुत आवेदन में आवेदक ने शिकायत पत्र सौंपकर आरोप लगाया है कि कुछ दबंग लोगों द्वारा उसकी जमीन पर अतिक्रमण कर मकान निर्माण किया जा रहा है। शिकायत में पवन कुमार सेन पिता श्यामलाल सेन ने बताया कि ग्राम बासनपानी स्थित प.ह.न.11 खसरा नंबर 327(s) रकबा 0.0610 हेक्टेयर भूमि राजस्व रिकॉर्ड में उनके नाम दर्ज है। आरोप है कि मुरारी ठाकुर, अरविंद ठाकुर एवं लक्ष्मी ठाकुर द्वारा उक्त भूमि पर कब्जा कर निर्माण कार्य कराया जा रहा है। आवेदक का कहना है कि जब उन्होंने आरोपियों से जमीन खाली करने को कहा तो उन्होंने कब्जा हटाने से इनकार कर दिया। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि विरोध करने पर झूठे मामले में फंसाने की धमकी दी जा रही है। पवन कुमार सेन ने कलेक्टर से मांग की है कि उनकी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया जाए तथा संबंधित लोगों के विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई की जाने की मांग की है।

शासकीय आईटीआई में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

नवभारत,गोटेगांव। जिले की समस्त शासकीय आईटीआई नरसिंहपुर, गाडरवारा, गोटेगांव, तेंदूखड़ा, बाबई चीचली में सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। आईटीआई में प्रवेश के इच्छुक सभी पात्र उम्मीदवारों को निर्धारित समयावधि में पोर्टल पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य होगा। अभ्यर्थी डी.एस.सी. ऑनलाइन पोर्टल https://dsd.mp.gov.in/ पर जाकर 30 जून 2026 तक पंजीयन कर सकते हैं। रजिस्ट्रेशन कर च्वाइस फिलिंग करने वाले उम्मीदवारों को ही सीट आवंटन प्रक्रिया में सम्मिलित किया जाएगा। पोर्टल पर 30 जून 2026 तक पंजीयन के साथ-साथ आवश्यक त्रुटि सुधार तथा च्वाइस फिलिंग भी अनिवार्य रूप से करना सुनिश्चित करें। इसके लिए उम्मीदवार को निर्धारित पोर्टल शुल्क का भुगतान किया जाएगा। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए अपनी नजदीकी शासकीय आईटीआई और केन्द्रीय जेल के सामने न्यू बस स्टेंड के पास नरसिहपुर स्थित शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में सम्पर्क किया जा सकता है।

शातिर अपराधी का एक वर्ष के लिए जिला बदर

नवभारत,गोटेगांव। नरसिंहपुर जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रजनी सिंह ने एक बड़ी कार्रवाई की है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन पर थाना गोटेगांव के आदतन अपराधी छोटू उर्फ किशन (पिता रवि चौधरी) को एक वर्ष के लिए जिला बदर कर दिया है। आदेश के तहत आरोपी को नरसिंहपुर सहित पड़ोसी जिलों छिंदवाड़ा, सिवनी, जबलपुर, दमोह, सागर, रायसेन और नर्मदापुरम की सीमाओं से 48 घंटे के भीतर बाहर जाने के निर्देश दिए गए हैं। वह आगामी एक साल तक बिना लिखित अनुमति के इन जिलों में प्रवेश नहीं कर सकेगा। आदेश का उल्लंघन करने पर मप्र राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई होगी। उल्लेखनीय है कि आरोपी छोटू उर्फ किशन के खिलाफ मारपीट, बमबाजी, जातिगत अपमान, नाबालिग से छेड़छाड़ और अश्लील वीडियो वायरल करने जैसे कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिसके चलते प्रशासन ने यह कड़ा कदम उठाया है।

पीएम के आगमन की तिथि तय नहीं

नवभारत,गाडरवारा। गाडरवारा क्षेत्र में एनटीपीसी की नई इकाई के भूमिपूजन कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के प्रस्तावित आगमन को लेकर चल रही चर्चाओं पर फिलहाल विराम लग गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री का 5-6 जून को आगमन प्रस्तावित था, जिसके मद्देनजर जिला प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां भी प्रारंभ कर दी गई थीं। हालांकि अब प्रशासनिक सूत्रों से जानकारी मिली है कि प्रधानमंत्री का दौरा फिलहाल स्थगित माना जा रहा है और उनके आगमन की कोई निश्चित तिथि तय नहीं हुई है। इसके चलते कार्यक्रम की तैयारियों में लगे आसपास के जिलों से बुलाए गए जनसंपर्क विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी अपने-अपने मूल कार्यस्थलों पर लौट गए हैं। अधिकारियों का कहना है कि प्रधानमंत्री के संभावित दौरे को लेकर भविष्य में नई तिथि निर्धारित होने पर ही आगे की तैयारियां शुरू की जाएंगी।

नर्मदा परिक्रमा वासियों के लिए सेवा का केंद्र बना गोटेगांव का नर्मदा मंदिर

नवभारत,गोटेगांव। मां नर्मदा की पावन परिक्रमा पर निकले श्रद्धालुओं के लिए स्थानीय नर्मदा मंदिर इन दिनों सेवा और समर्पण की अनूठी मिसाल पेश कर रहा है। परिक्रमा पथ पर चल रहे यात्रियों के लिए यह मंदिर विश्राम और ऊर्जा का प्रमुख केंद्र बन गया है, जहां ठहरने से लेकर भोजन तक की चाक-चौबंद व्यवस्थाएं की जा रही हैं। दूर-दराज से आने वाले परिक्रमा यात्रियों की सुविधा को देखते हुए मंदिर परिसर में स्वच्छ पेयजल, रात्रि विश्राम, स्नान और शुद्ध प्रसाद की व्यवस्था अनवरत संचालित हो रही है। स्थानीय भक्तजनों और विभिन्न सेवा समितियों के सक्रिय सहयोग से यह पुनीत कार्य सेवा भाव के साथ किया जा रहा है। मंदिर समिति के पदाधिकारियों का कहना है कि मां नर्मदा की परिक्रमा एक कठिन तपस्या के समान है, इसलिए राह में चलने वाले इन तपस्वियों की सेवा करना पुण्य का कार्य है। इसी भावना को आत्मसात करते हुए समिति निरंतर प्रयासरत है कि किसी भी श्रद्धालु को असुविधा का सामना न करना पड़े। वर्तमान में परिक्रमा वासियों की संख्या में खासी बढ़ोतरी देखी जा रही है, जिससे पूरे मंदिर परिसर में अलसुबह से ही मंगल आरती और भजनों के साथ भक्तिमय वातावरण बना रहता है।

एसडीएम कलावती ब्यारे को दी विदाई

नवभारत,साईखेड़ा। गाडरवारा की अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कलावती ब्यारे के स्थानांतरण उपरांत नरसिंहपुर एसडीएम के रूप में नई पदस्थापना होने पर उन्हें विभिन्न जनप्रतिनिधियों एवं नागरि कों द्वारा शुभकामनाएं एवं विदाई दी जा रही हैं। इसी क्रम में बुधवार को साईंखेड़ा नगर परिषद के अध्यक्ष प्रतिनिधि सचिन अग्रवाल अपने पार्षद साथियों के साथ एसडीएम कार्यालय गाडरवारा पहुंचे।

यहां उन्होंने कलावती ब्यारे को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानपूर्वक विदाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य एवं नई जिम्मेदारी के सफल निर्वहन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रतिनिधि सचिन अग्रवाल ने कहा कि कलावती ब्यारे ने अपने कार्यकाल के दौरान प्रशासनिक दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करते हुए आमजन की समस्याओं के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके कार्यों एवं सरल व्यवहार को सदैव याद रखा जाएगा। विदाई कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भी उनके प्रशासनिक अनुभव, कार्यशैली एवं जनहित के प्रति समर्पण की सराहना की तथा नरसिंहपुर में नई जिम्मेदारी के लिए सफलता की कामना की। इस अवसर पर जितेंद्र पटेल, ओमप्रकाश पटेल एवं मानसिंह मिर्धा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर ब्यारे को सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं व्यक्त कीं।

कुल 53 बीजों के नमूने एकत्रित कर किए गए संग्रहित

कृषि विभाग के अधिकारियों ने कृषि आदान विक्रेता प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया

नवभारत,नरसिंहपुर। आगामी खरीफ मौसम 2026 को दृष्टिगत रखते हुए किसानों को गुणवत्तायुक्त उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक उपलब्ध कराने और कृषि आदानों की गुणवत्ता एवं उपलब्धता सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से कलेक्टर रजनी सिंह के निर्देशन में कृषि विभाग के अधिकारियों के द्वारा जिले के विभिन्न कृषि आदान विक्रेता प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। उप संचालक कृषि मोरिस नाथ के मार्गदर्शन में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी नरसिंहपुर श्री एन.के. आरसे, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी गोटेगांव आर.एन. त्रिपाठी, उर्वरक निरीक्षक उर्वरक/बीज/ विकासखंड चीचली/ सांईखेड़ा पी.एस. कौशल, प्रभारी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी चीचली श्री के.पी. सिंह एवं प्रभारी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी नरसिंहपुर संतोष पटेल के द्वारा कृषि आदान विक्रय केंद्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठानों में उपलब्ध बीज के स्टॉक, बोर्ड, स्टॉक रजिस्टर, कैश मेमो तथा लाइसेंस संबंधी अभिलेखों का परीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कृषि आदानों की गुणवत्ता की जांच के लिए विकासखंड नरसिंहपुर से 12 नमूने मक्का, धान के 3 नमूने, उड़द के 3 नमूने व मूंग का एक नमूना इस तरह कुल 19 नमूने बीजों के लिए गए। विकासखंड गोटेगांव में मक्का के 5 नमूने, धान के 4 नमूने व सोयाबीन के दो नमूने सहित कुल 11 नमूने बीज के लिए गए। विकासखंड सांईखेड़ा में धान के 23 नमूने बीज के लिए गए। इस प्रकार कुल 53 बीजों के नमूने लेकर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार संग्रहित किए गए हैं, जिन्हें प्रयोगशाला भेजे जाएंगे। यह बीजों के नमूने नरसिंहपुर में पटेल एग्रो, मॉ रेवा एग्री विजनेंस, कुशवाहा बीज भंडार, श्रीराम बीज भण्डार, समीक्षा कृषि मित्र गोटेगांव तथा पटेल एजेंसी गाडरवारा, महावीर ट्रेडर्स गाडरवारा, आदि निरीक्षण कर नमूने लिए गए।

संग्रहण की कार्यवाही जारी

तथा प्रत्येक विक्रय पर किसानों को अनिवार्य रूप से बिल उपलब्ध कराएं। विक्रेताओं को कृषि आदान नियंत्रण आदेश एवं अन्य प्रासंगिक प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान किसानों के हितों को प्रभावित करने वाली किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित विक्रेताओं के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उप संचालक कृषि मोरिस नाथ ने बताया कि किसानों को गुणवत्तायुक्त कृषि आदान उपलब्ध कराने के लिए अधिकारियों द्वारा सतत निगरानी की जा रही है। आगामी खरीफ सीजन में किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए जिले में निरीक्षण कर नमूना संग्रहण की कार्यवाही जारी रहेगी।

लाठगांव रोड में तिघरा के पास लटक रहे बासों पर सजक हो प्रशासन

नवभारत,गोटेगांव। गोटेगांव से लाटगांव की ओर जाने वाले रोड पर तिघरा के पास दोनों तरफ वास रोड पर लटक रहे जो किसी बड़ी दुर्घटना को आमंत्रण दे रहे हैं विगत दिनों पहले इन बासो में भीषण आग लग जाने के कारण वास झूलस चुके हैं और इनकी जड़ों में आग लगने के कारण नीचे से वास टूट रहे हैं और वास दोनों तरफ होने के कारण एक दूसरे का सहारा लिए हुए अभी तक वास बीच रोड पर झूल रहे हैं यह वास कभी भी किसी भी वक्त रोड पर गिर सकते हैं जिससे दुर्घटना घट सकती है और तो और इस रोड पर अनेकों गांव के राहगीर निकलते हैं और इस रोड पर निरंतर आवाजाही होने के कारण यातायात हमेशा चालू रहता है और यह रोड धूमा को भी जोड़ता है इस रोड पर नागपुर जाने वाले यात्री भी यात्रा करते हैं संबंधित विभाग उचित कार्यवाही करें ताकि राहगीरों को परेशानी का किसी भी प्रकार से सामना न करना पड़े विगत

दिनों इस खबर को दिखाने के बाद भी अभी तक यहां पर किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं हुई है एवं जले हुए बसों को अलग नहीं किया गया है राहगिरो यात्रीओ की मांग है कि जले हुए बसों को तुरंत रोड के किनारे से इनको हटाया जाए ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की कठिनाइयों का सामना न करना पड़े आगामी समय तेज आंधी तूफान और बारिश का समय आने वाला है जिसको मध्ये नजर रखते हुए भी इन बातों पर ध्यान दिया जाये एवं क्षतिग्रस्त वासे को अलग कराया जाए।